# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी)

02 मई 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | जून | 26-06-24 | 26.61 |
| सोना | जून | 26-06-24 | 2311.00 |
| कच्चा तेल | जून | 21-05-24 | 79.00 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | जुलाई | 30-05-24 | 83.44 |
| नेचुरल गैस | जून | 29-05-24 | 1.93 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.45 |
| डॉलर इंडेक्स | 105.76 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.07 |
| सीआरबी इंडेक्स | 339.02 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 9895.50 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2577.50 |
| जिंक | नकद | 2881.00 |
| लेड | नकद | 2180.00 |
| निकल | नकद | 18879.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 मई 24 | 81650.00 |
| एल्युमिनियम | 15 मई 24 | 20565.00 |
| जिंक | 15 मई 24 | 23340.00 |
| लेड | 15 मई 24 | 17355.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 27-05-24 | 17897.00 | मंदी | 22.04.24 | 17997.00 | 18200.00 |
| चांदी | 05-07-24 | 81227.00 | तेजी | 26.04.24 | 82496.00 | 81000.00 |
| सोना | 05-06-24 | 70902.00 | मंदी | 22.04.24 | 71251.00 | 71900.00 |
| कच्चा तेल | 20-05-24 | 6622.00 | मंदी | 01.05.24 | 6622.00 | 6750.00 |
| नेचुरल गैस | 28-05-24 | 162.80 | तेजी | 25.04.24 | 165.30 | 155.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 31-05-24 | 855.60 | मंदी | 01.05.24 | 855.60 | 865.00 |
| एल्युमिनियम | 31-05-24 | 236.10 | मंदी | 25.04.24 | 235.40 | 240.00 |
| जिंक | 31-05-24 | 253.75 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 247.00 |
| लेड | 31-05-24 | 190.65 | तेजी | 05.04.23 | 186.55 | 185.00 |
| मेटलडेक्स | 20-05-24 | 17434.00 | तेजी | 15.03.24 | 15565.00 | 17100.00 |
| स्टील लांग | 20-05-24 | 43720.00 | मंदी | 25.04.24 | 43720.00 | 45000.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

01.05.2024 को सभी बंद भाव

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 70800 पर सपोर्ट और 71200 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 81500 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 81000 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में तेजी का रूझान रह सकता है। फेडरल रिजर्व द्वारा संकेत दिए जाने के बाद कि वह अभी भी अंततः दर में कटौती की ओर झुक रहा है, सोने की कीमतें आज लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ कारोबार कर रही हैं, जबकि निवेशकों का ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल आंकड़ों की ओर केंद्रित है। उम्मीद के मुताबिक फेड ने बुधवार को ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। इसके नवीनतम नीति वक्तव्य ने इसके आर्थिक मूल्यांकन और नीति मार्गदर्शन के प्रमुख तत्वों को बरकरार रखा है, और ब्याज दरों पर चर्चा को उन स्थितियों के आधार पर तैयार किया है जिनके तहत उधार लेने की लागत कम की जा सकती है। फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि अगला कदम आंकड़ों पर निर्भर करेगा लेकिन इसमें वृद्धि होने की संभावना नहीं है। बैठक के बाद, अमेरिकी अल्पकालिक ब्याज दर वायदा में वृद्धि हुई, क्योंकि व्यापारियों ने अनुमान लगाया कि फेड इस वर्ष कम से कम दर में एक कटौती करेगा।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 849-860 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एंग्लो अमेरिकन के लिए बीएचपी समूह की बोली से उत्पन्न आपूर्ति चिंताओं के कारण आज तांबे की कीमतें बढ़त के साथ कारोबार कर रही हैं, लेकिन शीर्ष उपभोक्ता चीन में सुस्त मांग के संकेतों ने कीमतों को रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे बनाए रखा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ हफ्तों में चीनी उत्पादकों से अधिक तांबे के निर्यात की उम्मीद है क्योंकि रिकॉर्ड कीमतों ने उनकी ऑर्डर बुक को प्रभावित किया है। बुधवार को ताइवान में बढ़ती इन्वेंट्री के साथ तांबे की आपूर्ति थोड़ी बढ़ गई। एलएमई द्वारा निगरानी किए गए गोदामों में कुल स्टॉक तीन सप्ताह के निचले स्तर से बढ़ गया है। इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप ने कहा कि वैश्विक तांबा बाजार को इस साल 162,000 के सरप्लस का सामना करना पड़ रहा है। जिंक में नरमी का रूझान रह सकता है और कीमतों को 251 पर सपोर्ट और 255 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। जिंक की आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि नायरस्टार का बुडेल स्मेल्टर 13 मई के सप्ताह के दौरान उत्पादन फिर से शुरू कर देगा। लेड की कीमतें 189-191 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 235-238 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6580-6670 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इजरायल-गाजा युद्धविराम की उम्मीदों, अमेरिकी ब्याज दर में कटौती और बढ़ते तेल भंडार के बारे में संदेह के कारण कीमतें सात सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद, तेल की कीमतें आज इस संभावना पर बढ़ गई कि अमेरिका अपने पेट्रोलियम भंडार के लिए कच्चे तेल की खरीद शुरू कर सकता है। अमेरिका का लक्ष्य 2022 में आपातकालीन भंडार से ऐतिहासिक बिक्री के बाद अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) को फिर से भरना है और 79 डॉलर प्रति बैरल या उससे कम पर तेल खरीदना चाहता है। मध्य पूर्व में, उम्मीदें बढ़ गई कि मिस्र के नेतृत्व में नए सिरे से प्रयास के बाद इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) ने कहा कि 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कच्चे तेल का भंडार 7.3 मिलियन बैरल बढ़कर 460.9 मिलियन बैरल हो गया, जबकि विश्लेषकों ने रॉयटर्स पोल में 1.1 मिलियन बैरल ड्रॉ की उम्मीद जताई थी। नेचुरल गैस की कीमतें 159-165 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18:00 | अमेरिकी गैर कृषि उत्पादकता (पहली तिमाही) | अधिक | 0.8% | 3.2% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी व्यापार संतुलन (मार्च) | अधिक | -69.50B | -68.90B | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी प्रारंभिक बेरोजगारी के दावे | अधिक | 212K | 207K | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 19:30 | अमेरिकी फैक्ट्री ऑर्डर्स(माह-दर-माह)(मार्च) | अधिक | 1.6% | 1.4% | मेटल एवं एनर्जी | प्रतिकूल |
| 20:00 | ईआईए नेचुरल गैस का भंडार | अधिक | 68B | 92B | नेचुरल गैस | प्रतिकूल |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402, 4th Floor, Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।